2021 निर्णायक कार्य का वर्ष

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का संदेश

मेरे प्रिय साथियों,

मैं आप और आपके परिवार को नववर्ष 2021 की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। मेरी कामना है कि आने वाला वर्ष BHEL परिवार के सभी सदस्यों और हमसे जुड़े सभी लोगों के लिए उत्तम स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि लेकर आए। यह एक सुखद संयोग है कि नववर्ष का शुभारंभ और BHEL दिवस का अवसर एक साथ आते हैं। आप सबको BHEL दिवस की भी हार्दिक बधाई!

यह सर्वविदित है कि बीता वर्ष अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहा। BHEL को एक अग्रणी इंजीनियरिंग उद्यम बनाने के उद्देश्य से, हमने वर्ष 2020 को “Year of Transformation” घोषित किया था। किंतु, COVID-19 महामारी के कारण, परिस्थितियां न केवल हमारे लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए ही बदल गईं एवं हमारे पड़ोस की भू-राजनीतिक (geopolitical) घटनाओं के कारण और भी कठिन हो गईं।

मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि टीम BHEL ने न केवल तेजी से बदलते हुए व्यावसायिक वातावरण का जुटकर सामना किया, अपितु अपने लोगों के साथ-साथ आसपास के समाज पर भी इस महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए सराहनीय प्रयास किए। **आत्मनिर्भर भारत अभियान** में सहयोग के लिए किए गए हमारे अनेक प्रयासों का उत्साहपूर्वक स्वागत हुआ है। इनमें Make In India – Business Development Group की स्थापना, Make In India में अपने साथ भागीदारी के लिए विश्व की OEMs को आमंत्रित करने हेतु EOI जारी करना और “संरचना” Technology Innovation Platform तथा ”संयोजन” एवं “संवाद” (स्थानीय उद्योगों के साथ जुड़ने और सहयोग के लिए कार्यशालाएं) आदि प्रयास शामिल हैं।

हमने अपनी परिवर्तन यात्रा में उल्लेखनीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं। पूरी कंपनी में **“Turn Over Centric”** दृष्टिकोण के स्थान पर **“Project Centric”** दृष्टिकोण को अपनाना हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि रही। Business Excellence के लिये यह एक बड़ा कदम है। बड़ी परियोजनाओं के लिये **Integrated Project Management System (IPMS)** का कार्यान्वयन दूसरी बड़ी सफलता रही। इन प्रयासों को “Revenue on Storage” की नीति और “Sequential supplies” से बल मिला है, जिसके परिणामस्वरूप चालू वर्ष में नकदी संरक्षण के साथ-साथ “नेट बिलिंग और नकद प्राप्ति के अनुपात” में वृद्धि हुई है।

“गुणवत्ता सर्वप्रथम” पहल के भी अब परिणाम आने लगे हैं - 14 वर्षों के अंतराल के बाद, HEEP हरिद्वार को **CII EXIM Bank Award for Business Excellence 2020** के द्वारा प्लेटिनम स्तर की मान्यता प्राप्त हुई। जून 2020 से **‘Qonverse’** – पूरे संगठन में सर्वोत्तम गुणवत्ता पद्धतियों को साझा करने के लिए गुणवत्ता प्रमुखों के बीच एक मासिक

वार्तालाप - गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किंतु, पुरानी आपूर्तियों से जुड़ी समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं, जिन्हें प्रयोग से पूर्व निरीक्षण के माध्यम से सुलझाया जा रहा है।

मानव संसाधन के क्षेत्र में भी काफी बदलाव आया है, जिनमें CLBSC-EMAP को संगठन की प्राथमिकताओं के अनुसार नियत करने, अन्य नीतिगत बदलाव लाने तथा प्रशिक्षण एवं ज्ञान साझा करने की पहल शामिल हैं।

ई-ऑफिस का सफल कार्यान्वयन पेपरलेस ऑफिस की दिशा में एक बड़ा परिवर्तन रहा है, जिसके दोहरे लाभ हैं- निर्णय प्रक्रिया में तेजी और पर्यावरण संरक्षण ।

भविष्य के लिए विभिन्न विकास क्षेत्रों की पहचान NGA पहल के अंतर्गत की गई है, जिनमें **रेल परिवहन, स्पेयर्स एवं सेवा, रक्षा एवं एयरोस्पेस, तेल और गैस में EPC, उद्योग 4.0 और Contract Manufacturing शामिल हैं**, जिन पर समर्पित टीमें काम कर रही हैं और इन क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं।

यद्यपि बदलाव आया है, किंतु अभी भी कंपनी को अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और वर्ष 2020-21 का अब तक का हमारा कार्यनिष्पादन उत्साहवर्धक नहीं रहा है। यह सुनिश्चित करने की तत्काल आवश्यकता है कि **वर्तमान वर्ष के लक्ष्यों को प्राप्त करने में कोई और चूक न हो** तथा वित्त वर्ष **2022 की प्रथम तिमाही का कार्यनिष्पादन** सुनिश्चित करने के लिए हम सब अभी समय से तैयारी करें। इस दिशा में, विनिर्माण और परियोजना निष्पादन, दोनों ही क्षेत्रों में तत्काल समर्पित प्रयासों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, हमें अभी भी material costs को कम करने के लिए बहुत प्रयास करने हैं।

आज, “मेक इन इंडिया” और “आत्मनिर्भर भारत” जैसे अभियानों का नेतृत्व और पहल करने के लिए देश की नजर BHEL पर टिकी हुई है। यह वास्तव में कंपनी के लिए बहुत बड़ा अवसर है और इसका पूर्ण लाभ उठाने के लिए हमें किसी भी आत्म-संशय को दूर करना है तथा टीम BHEL की क्षमता के बारे में दूसरों के मन में विद्यमान किसी संदेह को मिटाना है।

किसी ने सही कहा है कि **Time and tide wait for no man.** आइए, कंपनी के भविष्य को बदलने और टीम BHEL की योग्यताओं एवं क्षमताओं को विश्वस्तर पर प्रदर्शित करने के लिए इस उपयुक्त अवसर का लाभ उठाएं।

राष्ट्र और संगठन के समक्ष मौजूद इस वर्तमान संकट के दौर में, BHEL का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने तथा अपने विजन को प्राप्त करने के लिए वरिष्ठ पीढ़ी के अनुभव और युवा पीढ़ी की ऊर्जा के बीच एक सुदृढ़ सामंजस्य स्थापित करने की आवश्यकता है- जिसके लिए हम सभी को जी-जान से जुट जाना है।

एक वृहद अवसर हमारे सामने है और हम इसे खो नहीं सकते। तो आइए, अपने निर्धारित उद्देश्य को पूरा करने के लिए वर्ष 2021 को **निर्णायक कार्य का वर्ष (Year of Decisive Action)** बनाएं।

एक बार फिर, आपको एवं आपके सभी स्वजनों एवं परिजनों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ!

आपका,

नलिन सिंघल

1 जनवरी, 2021

नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ

नव वर्ष 2021

आइए, अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए जी-जान से जुट जाएँ

2021 निर्णायक कार्य का वर्ष



Message from **Chairman & Managing Director**

My Dear Colleagues,

I wish you and your family a Very Happy New Year 2021. May the year ahead bring health, happiness and prosperity to all members of the BHEL family and the world around us. I further extend warm greetings on the occasion of BHEL Day!

To say that the past year has been eventful would be an understatement. We had set out to make 2020 a Year of Transformation, to put BHEL on the path to be a leading engineering enterprise. The turn of events, due to the COVID pandemic, changed—not just our outlook but the world itself, which was further complicated by geopolitical events in the neighbourhood.

I am happy to say that Team BHEL has responded to the situation in an exemplary manner from mitigating effects on our own people as well as people around us, to dealing with the fast evolving business scenario. Our multiple efforts to support the **Aatmanirbhar Bharat Abhiyan** including the formation of Make In India–Business Development Group, the EOI inviting Global OEMs to partner with us to Make in India, and efforts such as Sanrachna—Technology Innovation Platform as well as Sanyojan & Samvad (workshops to engage and collaborate with domestic industry) have also been well received.

We have also made notable achievements in our journey of transformation. The most notable has been the change in the outlook, across the company—from **“Turnover Centric” to “Project Centric”**. This is a major milestone in our journey towards business excellence. Implementation of **Integrated Project Management System (IPMS)** for major projects has been another crucial success. These efforts are well supported by the Revenue On Storage policy & Sequential supplies resulting in cash conservation as well as “increased net billing to cash ratio”.

The Quality First initiative is also showing results with **HEEP Haridwar** recognized in the **Platinum category of CII EXIM Bank Award for Business Excellence 2020** after 14 years. In June 2020, we started **‘Qonverse’** – a monthly conversation among Quality Heads for sharing best quality practices across units. This is an important step in the direction of internalising focus on quality across the organisation. However, problems with previously supplied equipment still remain and are being dealt with through rigorous pre-installation inspections.

Substantial progress has happened on the HR front with revamp of CLBSC-EMAP to sync with organisational priorities, other policy changes as well as training and knowledge sharing initiatives.

Implementation of e-office has brought another transformation, taking us towards an efficient paperless office giving twin benefits of speeding up of decision making as well as being environment friendly.

A number of future growth areas have been identified under the NGA initiative including **Rail Transportation, Spares & Services, Defence & Aerospace, EPC in Oil & Gas, Industry 4.0 and Contract Manufacturing** which are being taken forward by dedicated teams with positive results already visible.

However, friends, while change is visible, the company continues to face many challenges and the current year's performance has not been encouraging. There is an urgent need to ensure that there are **no further slippages in meeting current year targets**, and further, to ensure **preparedness** for **Q1 (FY 22) performance.** Dedicated efforts are urgently required towards this end, on both the manufacturing as well as project execution fronts. We also have to strengthen our efforts to reduce material costs.

Today, the nation is looking towards BHEL to take the lead in the "Make In India" and "AatmaNirbhar Bharat" initiatives. This is indeed a great opportunity for the company and it is essential that we shake off any self-doubt and erase all doubts in the minds of others about the capability of Team BHEL.

It is rightly said that ***Time and tide wait for no man.*** Let us use this turn of the tide to change the fortunes of the company and to show the world what Team BHEL can do.

In this time of national & organisational crisis, the experience of the senior generation and energy of the younger generation need to be synergized, so that we are able to achieve our vision for BHEL– for which we need **all hands on deck.**

An immense opportunity lies before us and we cannot afford to miss it. So let us complete the task we have set out to do and let **2021** be a **Year of Decisive Action.**

Once again, wishing you and all your near & dear ones a Very Happy New Year!

Yours,

Nalin Shinghal

January 1, 2021

Wishing you a very

HAPPY NEW YEAR 2021